
## माथा पच्ची

देखो-देखो बड़ा अजूबा! मेंढक है या घोड़ा डूबा?



नीचे कुछ रंगों के नाम लिखे हैं। हर रंग को एक अलग रंग से लिखा गया है। क्या तुम इन पंक्तियों को जल्दी-जल्दी उनके रंगों के हिसाब से पढ़ सकते हो? जैसे पहली लाइन को पढ़ेंगे – हरा लाल नीला। जल्दी-जल्दी पढ़ना कठिन है? ऐसा क्यों?

पीला नीला नारंगी
काला लाल हरा
बैंगनी पीला लाल
नारंगी हरा काला
नीला लाल बैंगनी
हरा नीला नारंगी
हरा काला लाल

### कौन पहले आया?

इन तीन वाक्यों में से दो गलत हैं।

1. चूज़ा पहले अस्तित्व में आया था।
2. अण्डा पहले अस्तित्व में आया था।
3. पहला वाक्य गलत है और दूसरा वाक्य सही है।

तो क्या सम्भावना है कि अण्डा पहले अस्तित्व में आया था?

कौन पहले आया?
अण्डा पहले अस्तित्व में आया था इसकी सम्भावना शून्य है। तीसरा वाक्य ही गलत हो सकता है क्योंकि पहले और दूसरे वाक्य दोनों, गलत नहीं हो सकते हैं। जब तीसरा वाक्य गलत है तो दूसरा भी गलत होगा।

# उलझन

## चोरी बुरी या ठगी?

हरीदास और मणीराम दो भाई हैं। किसी मुश्किल में फँसकर वे शहर छोड़ने को मजबूर हो गए। मगर उनके पास एक फूटी कौड़ी नहीं थी। तो हरीदास ने एक हार्डवेयर स्टोर का ताला तोड़कर पाँच हज़ार रुपए चुरा लिए। उधर मणीराम हवलदार रघु के पास जा पहुँचा। हवलदार एक सेवानिवृत्त फौजी है। आमदनी के नाम पर उसे पेंशन मिलती है, बस। मगर वह ज़रूरतमन्द लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहता है। मणीराम ने उसे बताया कि पिताजी के ऑपरेशन के लिए उसे फौरन पाँच हज़ार रुपए की ज़रूरत है और वह यह पैसा जल्दी ही लौटा देगा। न तो मणीराम के पिता को वास्तव में कुछ हुआ था, न ही उसकी पैसा लौटाने की नीयत थी। हवलदार तो मणीराम को ठीक तरह से पहचानता भी नहीं था मगर फिर भी उसने पैसे उधार देने में आनाकानी नहीं की। पैसा लेकर दोनों भाई शहर से चम्पत हो गए।

तो ज़्यादा बुरी बात कौन-सी है? हरीदास की चोरी या मणीराम की ठगी? क्यों?

